अमर उजाला
23-03-2026

विद्यार्थियों ने जाने औषधीय पौधे के गुण

औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त करते विद्यार्थी। प्रवक्ता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में नेशनल एजु ट्रस्ट के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन टू वीक चैलेंज के तहत हुआ, इसमें औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। एसडीजी क्लब एवं ग्रीन यूनिवर्सिटी रैंकिंग कमेटी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के गार्डनर (माली) ने व्यावहारिक सत्र लेते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान कराई और रख-रखाव सहित लाभ बताए। यह आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप यादव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की। संवाद